Lasting reform must balance affordable drugs with reliable supplies, quality care

THE DECISION to regulate trade margins on non-scheduled cancer medicines is a welcome step. It responds to genuine concern. It is well because the government has a responsibility to ensure that healthcare is both accessible and affordable, while creating an environment in which quality care can be delivered sustainably. When the difference between the price at which a product enters the supply chain and what a patient ultimately pays becomes difficult to justify, the government cannot remain a passive observer.

But a good first step should not be mistaken for a complete solution. The present debate raises three questions. Is the coercion comprehensive enough? Is it based on adequate evidence? And can it be implemented effectively across a healthcare market as large and varied as India?

The Centre has informed the Supreme Court that trade margins on specified cancer drugs will be capped at 30 per cent. An expert committee will identify the medicines to be covered, after which the National Pharmaceuticals Pricing Authority will operationalise the restrictions. The court has also asked why similar scrutiny should not extend to other medicines and medical products.

That is a legitimate question. If excessive trade margins are the problem, India should examine the issue comprehensively rather than regulate one category at a time. A fragmented approach can shift distortions from one part of the market to another, create uncertainty and make enforcement needlessly difficult. But evidence must come before the prescription. The same medicine or medical product may cost different amounts to administer at two hospitals within the same city. The differences can arise from the patient's condition, the complexity of the treatment, the expertise of the clinical team, the infrastructure available, infection-control requirements, the level of monitoring involved and the emergency support that must remain available. A routine medicine administered in an outpatient setting cannot be equated with a complex therapy delivered under specialist supervision.



India should examine the issue comprehensively rather than regulate one category at a time. A fragmented policy can affect care delivery

The procurement price of a medicine or device, therefore, tells us only one part of the story. A robust framework must distinguish between the trade margin on a product and the legitimate cost of storing, handling and administering it safely. It should also consider the infrastructure required to maintain quality and patient safety, and the possible effect of regulation on availability and access. Without this distinction, regulation intended to address excessive margins could inadvertently affect the delivery and quality of healthcare.

The government's own experience supports this approach. The 2014 trade margin rationalisation pilot covered 42 selected non-scheduled anti-cancer medicines. Since then, consultations have raised concerns about production costs, the viability of smaller manufacturers and the cost of maintaining supplies in remote areas. The answers to these can help determine how future intervention should be designed.

India should now consider a comprehensive examination of trade margins across medicines, medical devices and consumables. This does not mean imposing the same formula on every product. It means using a common and scientifically credible method to identify where intervention is required and what form it should take. Meaningful stakeholder consultation must form part of this exercise. Manufacturers, distributors, hospitals, clinicians, insurers, patient groups and state governments each hold important evidence on how healthcare products are manufactured, supplied, priced and used. Drawing on their experience will help the government design a framework that is both effective and workable. It can ensure that unjustified margins are addressed while recognising legitimate differences in clinical settings, infrastructure, safety requirements, geographical reach and the costs of delivering quality care.

Success cannot be measured merely by the number of products brought under control. The more meaningful test is whether patients pay fairer prices without experiencing shortages, reduced access or any compromise in the quality and safety of care.

India needs continued investment in healthcare as its disease burden increases and demand for quality care grows. Hospitals must expand infrastructure, adopt newer technologies, strengthen clinical capabilities and improve access across the country. Blanket controls that do not recognise legitimate differences in cost and complexity could discourage precisely this investment. They could also make it harder for hospitals to maintain quality and safety standards or adopt medically advanced but costly improvement outcomes. This is not an argument against price regulation. It is an argument for getting it right.

FROM THE ARCHIVES

The Hindu.

FIFTY YEARS AGO OCTOBER 26, 1976

Chinese herb medicine cures cancer

Tokyo, October 25: A Chinese herb medicine preparation claimed to be remarkably effective against cancer has been developed by scientists at Osaka University and Kink University's Oriental Medicine Research Institute.

The preparation, composed of about 30 kinds of herbal medicines, produces comparatively little of the adverse effects generally noted in cancer-arresting drugs. Patients suffering from breast, abdominal, rectal and uterine cancer showed marked improvement when given the herb medicine, the researchers said. The preparation is based on recipes listed in an ancient book of Chinese medicine and said to be effective for breast and skin cancer. The formula was worked out after performing animal tests for a three-year period. Experiments had been conducted since 1974 on advanced cancer cases treated at the hospitals attached to the two universities. Nine out of 13 cases administered the preparation made good progress and one person was able to resume a normal life even though rectal cancer had recurred and spread.

अस्पतालों से 2030 तक हटाए जाएंगे पारा वाले पुराने उपकरण

हिमांशु अरविंद मिश्र

नई दिल्ली। अस्पतालों में बुखार नापने के लिए इस्तेमाल होने वाले पारे के थर्मामीटर और ब्लड प्रेशर मापने वाले पुराने उपकरणों को हटाया जाएगा। केंद्र सरकार ने 2030 तक स्वास्थ्य सेवाओं से पारा वाले चिकित्सा उपकरणों को हटाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए केंद्र सरकार, विश्व स्वास्थ्य संगठन, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और राज्यों के बीच मिलकर काम किया जा रहा है।

मकसद अस्पतालों में मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों को पारे के संपर्क से बचाना और पुराने उपकरणों के सुरक्षित निपटान की व्यवस्था बनाना है। डब्ल्यूएचओ की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, 14 राज्यों में किए गए आकलन के दौरान 27,827 स्वास्थ्य केंद्रों की जांच की गई। इनमें पारे वाले 39,528 उपकरणों को बदलने की जरूरत सामने आई। इनमें बुखार मापने वाले थर्मामीटर के साथ ब्लड प्रेशर मापने वाले उपकरण भी शामिल हैं।

12 राज्यों को निर्देश

अब तक 14 राज्यों ने पारा वाले उपकरणों को लेकर आकलन पूरा कर लिया है, जबकि 12 राज्यों ने इन्हें चरणबद्ध तरीके से हटाने के आदेश जारी किए हैं। दिल्ली, पंजाब, मणिपुर, सिक्किम, गोवा, हरियाणा, लद्दाख, चंडीगढ़ और अंडमान-निकोबार में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं से पारा वाले चिकित्सा उपकरणों का इस्तेमाल खत्म किया जा चुका है। दिल्ली ने 2007 में ही पारा वाले चिकित्सा उपकरणों को हटाने की घोषणा की थी।

डेंटिस्ट्स के लिए नया नियम...हर पर्ची पर रजिस्ट्रेशन नंबर क्लिनिक का पता समेत नौ जानकारियां लिखना अनिवार्य

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दांतों का इलाज कराने वाले मरीजों को अब डॉक्टर की पर्ची पर कई अहम जानकारियां मिलेंगी। राष्ट्रीय दंत आयोग (एनडीसी) ने देशभर में प्रैक्टिस कर रहे डेंटिस्ट्स को निर्देश दिया है कि वे कागज पर लिखे जाने वाले और डिजिटल, दोनों तरह के पर्चों पर नौ जरूरी जानकारियां सुनिश्चित करें।

इनमें डॉक्टर का नाम, राज्य दंत परिषद में सक्रिय पंजीकरण नंबर, मान्यता प्राप्त डिग्री, क्लिनिक का पूरा पता, आपात स्थिति में संपर्क के लिए फोन नंबर और मरीज की पहचान से जुड़ी जानकारी शामिल है। आयोग के एथिक्स एंड डेंटल रजिस्ट्रेशन बोर्ड ने एडवाइजरी जारी की है। इसका उद्देश्य पर्चे लिखने की प्रक्रिया को एक जैसा बनाना, इलाज से जुड़े रिकॉर्ड को बेहतर करना और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। आयोग ने दंत चिकित्सकों से अपने पर्चे, लेटरहेड और डिजिटल पर्चे के प्रारूप को इन जरूरतों के मुताबिक अपडेट करने को कहा है।



राष्ट्रीय दंत आयोग ने जारी की एडवाइजरी, दवा कंपनियों के पर्चों का इस्तेमाल न करने की सलाह

पर्चे पर ये जानकारियां होना आवश्यक

- **दंत चिकित्सक का नाम :** नाम वही होना चाहिए, जो संबंधित राज्य दंत परिषद के रिकॉर्ड में दर्ज है।
- **सक्रिय पंजीकरण नंबर :** राज्य दंत परिषद की ओर से दिया गया वैध रजिस्ट्रेशन नंबर लिखना होगा।
- **मान्यता प्राप्त डिग्री :** राष्ट्रीय दंत आयोग या पूर्ववर्ती दंत परिषद से मान्यता प्राप्त दंत चिकित्सा की डिग्री और लागू होने पर विशेषज्ञता का उल्लेख करना होगा।
- **क्लिनिक का पूरा पता :** इलाज करने वाले डॉक्टर के क्लिनिक या कार्यस्थल का पूरा डाक पता और पिन कोड देना होगा।
- **आपातकालीन संपर्क नंबर :** ऐसा फोन नंबर होना चाहिए, जिस पर जरूरत पड़ने पर संपर्क किया जा सके।
- **मरीज की जानकारी :** मरीज का नाम, उम्र और लिंग दर्ज करना होगा।
- **पर्चे की तारीख :** हर बार मरीज के आने पर पर्चे पर तारीख लिखनी होगी।
- **डॉक्टर के हस्ताक्षर :** पर्चे पर डॉक्टर के हाथ से किए गए हस्ताक्षर या कानूनी रूप से मान्य डिजिटल हस्ताक्षर होने चाहिए।
- **डॉक्टर की मुहर :** पर्चे पर डॉक्टर का नाम, मान्यता प्राप्त डिग्री और वैध पंजीकरण नंबर पहले से छपे नहीं हैं, तो इन तीनों जानकारियों वाली साफ और पढ़ने योग्य मुहर लगानी होगी।

दवा कंपनियों के पर्चों का इस्तेमाल न करने की सलाह : *आयोग ने डेंटिस्ट्स को यह भी सलाह दी है कि वे दवा कंपनियों की ओर से दिए गए, छपवाए गए या प्रायोजित पर्चों का इस्तेमाल न करें। पर्चे केवल ऐसे पैड या लेटरहेड पर जारी किए जाएं, जो आयोग की ओर से बताई गई जरूरतों को पूरा करते हों।*

अध्ययन

गंभीर रूमैटिक हार्ट डिजीज के मरीजों की औसत उम्र महज 31 साल, 82 फीसदी में फेफड़ों की धमनियों का दबाव बढ़ा पाया गया

बचपन में बार-बार गले के संक्रमण से दिल खतरे में

नितिन राजपूत

पूर्वी दिल्ली। बचपन में बार-बार गले का संक्रमण, समय पर बीमारी की पहचान न होना और इलाज में देरी आगे चलकर दिल की गंभीर बीमारी का कारण बन सकती है। दिल्ली के दो अस्पतालों में रूमैटिक हार्ट डिजीज (रहिउय बुखार से जुड़ी हृदय वाल्व की बीमारी) से पीड़ित 385 मरीजों के अध्ययन में यह चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। सितंबर 2023 से सितंबर 2025 के बीच लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल और डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती मरीजों के रिकॉर्ड के विश्लेषण में उनकी औसत उम्र महज 31.2 वर्ष रही।

छह महीने में 7.2 प्रतिशत मरीजों की मौत

अध्ययन में 23 प्रतिशत मरीजों में अस्पताल में जुड़े संक्रमण पाए गए। इनमें 12 प्रतिशत को एमआरएसए बैक्टीरिया से रक्त संक्रमण हुआ। करीब 23 प्रतिशत मरीजों को आईसीयू में भर्ती करना पड़ा। अस्पताल में मृत्यु दर 3.4 प्रतिशत रही, जो छह महीने में बढ़कर 7.2 प्रतिशत हो गई। हालांकि, छह महीने का फॉलोअप केवल 67 प्रतिशत मरीजों का उपलब्ध था। अस्पताल से छुट्टी मिलने तक 78 प्रतिशत मरीजों की कार्यक्षमता में सुधार हुआ और 89 प्रतिशत की स्थिति स्थिर रही।

अध्ययन के अनुसार, अध्ययन में शामिल 82 प्रतिशत मरीजों में फेफड़ों की धमनियों का दबाव गंभीर रूप से बढ़ा हुआ था, जबकि 58 प्रतिशत को एट्रियल फिब्रिलेशन यानी दिल की धड़कन अनियमित होने की समस्या थी। मरीजों में 68 प्रतिशत महिलाएं थीं और 57 प्रतिशत बीमारी की गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचे थे।

सांस फूलना सबसे आम लक्षण : सांस फूलने की शिकायत 89 प्रतिशत मरीजों में दर्ज की गई। जबकि, 76 प्रतिशत को दिल की धड़कन तेज या अनियमित होने और 67 प्रतिशत को पैरों में सूजन की समस्या थी। करीब 23 प्रतिशत मरीजों ने बेहोशी या ऐसा महसूस होने की शिकायत की। सभी मरीजों के माइट्रल वाल्व में गंभीर संकुचन पाया गया। इससे पता चला कि कई मरीजों के हृदय के एक से अधिक वाल्व प्रभावित थे।

आविष्कार विशेष

एमएनएनआईटी ने बनाया स्मार्ट कंटेनर, आईओटी तकनीक वाली इस डिवाइस को मिला पेटेंट, अब इसको बाजार में उतारने की तैयारी कर रहे हैं वैज्ञानिक

कौन सी दवा कब खानी यह तो बताएगा ही, नहीं खाई तो स्वजन को दे देगा जानकारी

कृष्णकुमार सिंह • प्रयागराज

प्रयागराज: मनमाने की ओपीडी में बैठे बुजुर्ग मरीज के सामने डाक्टरों के कई डिब्बे रख गये। वह बार-बार उन्हें देख रहे थे, लेकिन समझ नहीं पा रहे थे कि कौन-सी दवा कब खानी है। यह दृश्य मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) के डॉ. अमित कुमार के मन में सवाल छोड़ गया कि क्या ऐसी तकनीक नहीं हो सकती, जो मरीज को सही समय पर सही दवा लेने की याद दिलाए और भूलने पर स्वजन को भी सूचना दे दे। इसी सोच ने इंटरनेट आफ थिंग्स (आइओटी) आधारित स्मार्ट मेडिसिन कंटेनर का रूप लिया। पांच साल के शोध के बाद तैयार इस डिवाइस को अब केंद्र सरकार से पेटेंट भी मिल गया है। यह उपकरण तय समय पर आवश्यक और एलर्ट्स के जरिये मरीज को दवा लेने का संकेत देता है। यदि मरीज दवा नहीं निकालता, तो उसके स्वजन के मोबाइल पर जुरंत संदेश भेज देता है। इससे अकेले रहने वाले बुजुर्गों और नियमित दवा लेने वाले मरीजों को देखभाल अधिक आसान और सुरक्षित हो सकेगी।

करीब 1500 रुपये में बाजार में होगा उपलब्ध

इस डिवाइस में डिवाइस स्पेसिफिक यूजर इंटरफेस के माध्यम से मोबाइल से जुड़ती है। दवा खाने से पहले तय समय भरने का अलर्ट भी देती है। इस तरह की ही इसकी तकनीक इसी सेक्टर आधारित अन्य अलर्ट सिस्टम से अलग बनाती है। इसकी कीमत भी ज्यादा नहीं होगी। डॉ. अमित कुमार बताते हैं कि बाजार में यह इसे उपलब्ध होगा, तब इसकी अनुमानित कीमत करीब 1500 रुपये तक कंटेनर हो सकती है।

स्मार्ट मेडिसिन कंटेनर के बारे में जानकारी देते मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. अमित कुमार • जागरण >>



वर्ष 2020 की बात है, जब मैं एक अस्पताल की ओपीडी में था, तब एक बुजुर्ग को दवाओं के कई डिब्बे के साथ बैठे देखा। मरीज वह दवा क्यों खाने में लापरवाही हो रही थी कि कौन-सी दवा कब खानी है। वहीं से एक ऐसी कनेक्टेड और स्मार्ट उपकरण का विचार मेरे मन में आया, जो समय पर दवा खाने की पूरी प्रक्रिया को अवलंब बना सके। इसके बाद शोध शुरू हुआ। मोबाइल एप तैयार किया गया और डिवाइस के डी-डी डिटर की मदद से डिवाइस का प्रोटोटाइप विकसित किया गया। इसके डिजाइन में तीन कम्पोनेंट मार्डिन और सिलटम डिजाइन तक का पूरा कार्य संस्थान के शोधकर्ताओं ने साथ किया।

डॉ. अमित कुमार, असोसिएट प्रो. इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग, एमएनएनआईटी

एमएनएनआईटी के इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. अमित कुमार और शोधकर्ता सौरभ सिंह ने इस कंटेनर को विकसित किया है। अलार्म में पीएट, लेकिन तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर यह डिवाइस ब्लूटूथ एलईडी और स्मार्ट अलर्ट सिस्टम से लैस है। मरीज को केवल डाक्टर के पर्चे के अनुसार दवाओं को कंटेनर के अलग-अलग खानों में रखना होगा। मोबाइल एप के जरिये दवा की जानकारी और उसे खाने का समय दर्ज करना होगा। समय होने पर डिवाइस अलार्म बजाएगी और जिस खाने में संबंधित दवा रखी होगी, वहां एलईडी लाइट जल उठेगी। इसकी सबसे बड़ी विशेषता स्मार्ट निगरानी प्रणाली है। यदि दो घंटे अलार्म बजने के बाद भी मरीज कंटेनर खोलकर दवा नहीं निकालता है तो यह स्वतः चेतावनी स्तर पर स्वजन के मोबाइल पर संदेश भेज देता। इससे अकेले रहने वाले बुजुर्गों की देखभाल और आसान हो सकेगी।

अलग है स्मार्ट मेडिसिन कंटेनर: यह कंटेनर सामान्य दवा बाक्स से इसलिए अलग है, क्योंकि यह दवा लेने का समय बताने के साथ उसकी अनदेखी होने पर केवल रिमार्क को संदेश भी देता है। इसमें अलार्म, एलईडी संकेतक और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी की सुविधा है। फिलहाल यह बाक्स आठ खानों का है, पर इसको आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त खाने जोड़ा जा सकेंगे। इसके प्रोटोटाइप बाक्स में सेंसर लगा लगे हैं, जिससे यह पता सकेगा कि संबंधित खाने में दवा रखी गई है या नहीं। एक और खास बात यह है कि इसके डिजाइन और कम्पोनेंट स्थानीय शोधकर्ताओं ने स्वयं की है।

चार महीने में बाजार में उतारने की योजना: शोधकर्ताओं की योजना अगले तीन से चार महीने में इस स्मार्ट कंटेनर को बाजार में उतारने की है। इसके लिए संस्थान के इनोवेशन सेंटर इनक्यूबेशन एवं एप्लाइड्सआईटी फाउंडेशन को मदद से स्टार्टअप विकसित किया जाएगा।

अधिक जानकारी पढ़ने के लिए स्कैन करें।

दिल टूटना कहावत नहीं, हृदय पर सचमुच पड़ता है असर



- गहरा दुख ही नहीं, गुस्सा, डर व सदमा भी कमजोर कर सकते हैं दिल की पंपिंग क्षमता
- 'ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम के लक्षण हार्ट अटैक जैसे, समय पर जांच और इलाज जरूरी

नई दिल्ली प्रेट: दिल टूट जाता है, सिर्फ कहावत नहीं सच है। साहित्यकारों और लेखकों के लिखे तमाम किस्से कहानियों में आपने पढ़ा भी होगा कि दिल टूटने पर इंसान सदमे में चला जाता है। किसी अपने के बिछड़ने का दुख हो, सदमा या तेज गुस्सा- इन तीव्र भावनात्मक आघात का असर दिल की क्रियंप्रणाली पर पड़ता है। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार, दिल को खून को पंप करने की क्षमता कमजोर हो जाती है। इस दुर्लभ स्थिति को 'ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम' या 'टाकोत्सुबो कार्डियोमायोपैथी' कहते हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक, किसी तीव्र भावनात्मक या शारीरिक तनाव के बाद हार्मोन का स्तर बढ़ सकता है, जिससे हृदय की मांसपेशियों के सामान्य ढंग से सिकुड़ने की क्षमता प्रभावित होती है। किसी प्रियजन की मृत्यु, रिश्ते का टूटना, अत्यधिक गुस्सा, डर या गंभीर बीमारी इसके संभावित कारण हो सकते हैं।

दिल्ली स्थित एम्स के कार्डियोलाजी विभाग के प्रमुख डा. राजीव नारंग के अनुसार, अचानक और तीव्र भावनात्मक प्रतिक्रिया, जिसमें अत्यधिक क्रोध भी शामिल है, एड्रेनालाईन हार्मोन का स्तर तेजी से बढ़ा सकती है। इसका असर हृदय की मांसपेशियों पर पड़ता है और कुछ समय के लिए उनकी पंपिंग क्षमता कमजोर हो सकती है।

ब्रोकन हार्ट सिंड्रोम में अचानक सीने में दर्द, सांस फूलना, पसीना आना और दिल की धड़कन तेज होने जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ईसीजी में भी हार्ट अटैक जैसी असामान्यताएं नजर आ सकती हैं। हालांकि, इन मरीजों की कोरोनरी धमनियों में अक्सर ऐसी बड़ी रुकावट नहीं मिलती, जो लक्षणों की पूरी व्याख्या कर सके। कोलकाता के बीएम बिड़ला हार्ट हास्पिटल के कार्डियोलाजी निदेशक डा. अंजन सिऔटिया बताते हैं कि इस बीमारी के सटीक कारण पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं। एड्रेनालाईन समेत कैटेकोलामाइन नामक तनाव से जुड़े रसायनों का स्तर अचानक बढ़ने से हृदय की मांसपेशियां कमजोर पड़ सकती हैं।

'टाकोत्सुबो' जापान में इस्तेमाल होने वाले उस बर्तन का नाम है, जिसका उपयोग आक्टोपस पकड़ने के लिए किया जाता है। इस बर्तन का आकार इस बीमारी में हृदय के बाएं वेंट्रिकल (निचले कक्ष) के बदलते आकार से मिलता-जुलता है। इसी वजह से इस स्थिति को टाकोत्सुबो कार्डियोमायोपैथी नाम दिया गया। ज्यादातर मरीजों में उचित इलाज से कुछ दिनों या हफ्तों में हृदय की कार्यक्षमता सुधर जाती है। अहम बात यह है कि भावनात्मक तनाव के बाद सीने में नया दर्द, सांस लेने में परेशानी या ठंडा पसीना आए तो उसे घबराहट मानकर नजरअंदाज न करें।

मिलावटखोरी : दांव पर जान

देश में मिलावटखोरी एक गंभीर समस्या बन चुकी है। दूध, पनीर और खोया से लेकर मिठाइयों में मिलावट आम है। त्योहार का सीजन चल रहा है और दिवाली आने वाली है। त्योहारों में दूध, पनीर, खोया और मिठाइयों की मांग कई गुना बढ़ जाती है। मिलावटखोर इस मौके का इंतजार करते हैं क्योंकि लोग त्योहार पर खाद्य पदार्थ सहित दूसरी चीजों की जम कर खरीदारी करते हैं। मिलावटखोरी रोकने के लिए जिम्मेदार एजेंसियां अभियान भी चलाती हैं और बड़े पैमाने पर मिलावटी खाद्य पदार्थ जब्त किए जाते हैं। हालांकि मिलावटखोरी पर इस अभियान का खास असर दिखाई नहीं देता है। लोग अनजाने में मिलावटी खाद्य पदार्थ खरीद कर अपनी सेहत जोखिम में डालने के साथ पैसे का भी नुकसान कर रहे हैं। ऐसे में दिवाली से पहले मिलावटखोरी की गंभीर समस्या और इससे निपटने के लिए जिम्मेदार तंत्र की असलता की पड़ताल प्रासंगिक है।

बिकने वर्ष में खाद्य नमूनों की जांच और विफलता का रुझान



देश के असम होने और दूषितियों के कारण

कमजोर व दूध इन्फोर्सर की भारी कमी: राज्यस्तरीय खाद्य के अभाव में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों और खाद्युक्ति टेस्टिंग कि की भारी किल्लत है।

अलगोदेश बाजार का दबाव: भारत का लगभग 70-80 प्रतिशत दूध असंगठित क्षेत्र, अलगोदेश से आने और इस बिकने वाले खाद्यान का है, जिसकी जांचपड़ताल ठीक से नहीं हो पाती।

डालूरी पैदावियों और सिंथेटिक पैकरी का निर्माण: अधिकांश कारखानें को बीजाजारी कंपनी के बताया देकर विशेष पैकरी से निकाल दिया जाता है, जिसके मिलावटखोरों के बन में आसान का दोषर नहीं रहता।

खाद्य पदार्थों में मिलावट का जोखिम

खाद्य उत्पाद	आम तौर पर पाई जाने वाली मिलावट/अपमिश्रण
दूध और दूध से बनी चीजें	डिटर्जेंट, यूरिया, स्टार्च, सिंथेटिक दूध और फेक घी जैसी चीजें। साथ ही अधिक मुनाफे के लिए पानी मिलाना।
मसाले	रंग (कलर), लौनाइट, ईंट का चूरा, सिंथेटिक रंग और स्टार्च
शहद	चीनी का शीरा मिलाने से असली-नकली शहद की पहचान मुश्किल। 70% तक अपमिश्रण। - सांकेतिक चित्र।
खाद्य तेल और घी	आर्जेमोन मैक्सिकन बीज की मिलावट



मिलावट सिद्ध होने के बाद कानूनी कार्रवाई और दंड का स्वरूप

कार्रवाई का आधार	स्थिति	मुख्य विवरण
सिंगल जुर्माना	75% से अधिक नमूने	अधिकांश नमूनों में मिलावट/मानक मानक अनिवार्य जुर्माना लगाया जुर्म जाने हैं।
आवर्तिक दोषसिद्धि	दोषसिद्ध 2% से 3.3% मामले	पिछले 5 वर्षों के आंकड़ों के अनुसार सजाएँ सजा या जेल की दर बेहद कम है।
कुल दोषसिद्धि वाले केस	15 राज्य और केंद्र शासित क्षेत्र	कई राज्यों (जैसे बंगाल, बिहार, झारखंड आदि) में नमूने फेल होने के बावजूद दोषसिद्धि दर शून्य दर्ज की गई।





डा. सुधीर गुप्ता, सीईओ, एफएसएसएआई

आज कार्रवाइयों की बड़ी संख्या के बावजूद मिलावटी आहार नहीं है। नमूना लेने से लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी होने तक समय लगता है। ऐसे में बार-बार दिया जीवने वालों के खिलाफ समयबद्ध कार्रवाई जरूरी है।

उपभोक्ताओं में जागरूकता जरूरी



डा. सीमर सुधीर गिरि सीईओ, खाद्य विज्ञान डी. सीईओ, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण

मिलावटखोरी को लेकर उपभोक्ताओं को भी जागरूक होना होगा। लोगों को भरोसेमंद दुकानों से खाद्य पदार्थ खरीदना चाहिए, खाद्य तेल लेबल चाहिए और एक होने पर इसकी शिकायत तत्काल दर्ज करनी चाहिए।

भारत त्योहारों का देश है। दीपावली जैसे अवसर पर घरों में मिठाइयों, दूध, पनीर, खोया और घी की खपत बहुत बढ़ जाती है। कुछ लोग अधिक पैसे कमाने के लालच में इनमें मिलावट करके लोगों की सेहत से खिलवाड़ करते हैं। हर खाद्य पैकेट खोलने के बाद ही इसे खाएं या इसका एक पूरी तरह सील पर्याप्त जांच कर लें कि, यह खोलने पर दिखता है। मिलावट का मुख्य कारण ज्यादा मुनाफा कमाने की चाह है।

इसके अलावा, त्योहार पर लोग ज्यादा खरीद करने वाले प्रतिष्ठानों की कमी, सीमे से लोग भी दोषी और लालचवश ये पैसाने मिलाने में लेकर खाद्य सामान नहीं इसके बड़े नुकसान हैं। जब दीपावी की खबर पर खाद्य जांच मिलावटें, तो कानून का डर कम हो जाता है। सामाजिक, जनमें व्यापारी चेतनता नहीं होते, वहां लोग पूरी ईमानदारी से काम करते हैं। इसीलिए ईमानदार व्यापारियों का सेवन व्यापार और विकास करने वालों पर लगा व्यापारी कार्यवाई करना जरूर जरूरी है। विभाग देखने के लिए खाद्य देश में मजबूत नेटवर्क है। खाद्य सुरक्षा विभागों और व्यापार को मजबूत करने, जो लोगों को जिम्मेदारी पर हटाए जाएंगे। जांच प्रयोगों लोगों से हो और लोगों को सही सजा मिले।

इस अवसर को हल करने के लिए कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। हर जिले में खाद्यपदार्थ और पर्याप्त जांच अधिकारी की जरूरत नियुक्त करने चाहिए। अगर लोग अपने से अपने विभाग एवं मान सके, ऐसे डिजिटल व्यवस्था जरूर होनी चाहिए। जिले व्यवस्था के प्रयोग बेहतर से मान नहीं पर्याप्त, उपभोक्ताओं को भी जागरूक होना होगा। लोगों को सस्ता परोसेगए दुकानों से खरीद करनी चाहिए, जहां बिल लेना चाहिए और लेख होने पर उसकी शिकायत जिला में करनी चाहिए। स्थानों और खाद्यान्न के जांच लोगों को खाद्य सुरक्षा के बारे में बताना चाहिए। लोगों खुलेपनी और मिलावट का उपयोग हो। का सरकार, प्रशासन और व्यापारियों की जिम्मेदारी है कि वे लोगों को शुद्ध और सुरक्षित भोजन दें। केवल लोगों पर दोष लगाने से यह समस्या खत्म नहीं होगी, बल्कि इसके लिए मजबूत नियमों और सख्त कानून की जरूरत है।

तकनीक और जवाबदेही से मजबूत होगी निगरानी

उपभोक्ताओं एक स्वतंत्रिता खाद्य पदार्थ खरीदने से पैसे लेकर जाए। खाद्य सुरक्षा को सम्मान केवल छोटे दुकानदारों तक सीमित नहीं है। बड़े खाद्यनिर्माता और कंपनियों के उत्पाद भी जांच के दायरे में आते हैं। ऐसे में जिलावार या खराब खरीदे के खाद्य कार्यवाही की जवाबदेही तय करना अनिवार्य है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिकारण (एफएसएसएआई) ई-जनवरी पोर्टल पर हजारों की अनुमोदन जानकारी में स्वतंत्रिता खाद्यपदार्थ के लिए दंडात्मक उपबन्ध का पालिका का जा है। इसके तहत ही खाद्य पदार्थों के लेबलिंग का खाद्यान्न और खोया पेय बनाए रखने के साथ खाद्यान्न विक्रय से खाद्य-खाद्यों की जांच पर भी ध्यान दिया जा रहा है, लेकिन चुनौती अब भी बनी हुई है। सवाल यह है कि खरीदी की जांच, कार्रवाई और जुर्माने के बावजूद मिलावट खाद्य पदार्थ क्यों बढ़ रहे हैं। इसके पीछे कई स्तरों पर गंभीर खामियां हैं।

सबसे बड़ी समस्या जांच प्रक्रिया में है। अधिकांश मामलों में मिलावट की पहचान तब होती है, जब नमूना लैब में जांच के लिए पहुंचता है। तब तक संबंधित दुकानदार माल बेच चुका होता है। इसके बाद कार्रवाई की प्रक्रिया इतनी लंबी और जटिल है कि दोषी तक सजा पहुंचने में वर्षों लग जाते हैं। नतीजा यह है कि मिलावट करने वालों में कानून का डर लगभग खत्म हो चुका है।

दूसरी बड़ी कमी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की भारी कमी है। कई जिलों में एक ही अधिकारी पर खाद्य सुरक्षा, लाइसेंसिंग और निरीक्षण की जिम्मेदारी है। ऐसे में नियमित निरीक्षण लगभग असंभव हो जाता है। त्योहारों के समय जब मिलावट सबसे ज्यादा होती है, तब भी अधिकारी सीमित संसाधनों के साथ काम करते हैं।

तकनीक के इस्तेमाल में भी देश काफी पीछे है। खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान के लिए सरल और तेज परीक्षण किट उपलब्ध होने के बावजूद इनका व्यापक इस्तेमाल नहीं हो पाया है। ऑनलाइन खाद्य पदार्थों की बिक्री और डिलीवरी के बढ़ते चलन ने भी निगरानी को और मुश्किल बना दिया है, जहां जांच लगभग न के बराबर है।

इन सभी कमियों का सीधा असर आम उपभोक्ता की सेहत पर पड़ रहा है। मिलावटी खाद्य पदार्थों के लंबे समय तक सेवन से पेट संबंधी बीमारियों, लिवर और किडनी की समस्याओं के साथ-साथ कैंसर जैसे गंभीर रोगों का खतरा बढ़ता है। इसके बावजूद मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं, क्योंकि उन्हें पकड़े जाने पर सजा का डर बहुत कम है।

इस समस्या से निपटने के लिए सिर्फ छापेमारी पर्याप्त नहीं है। जरूरत है एक मजबूत और तकनीक आधारित निगरानी तंत्र की, जिसमें जांच की प्रक्रिया तेज हो, दोषियों को जल्द सजा मिले और उपभोक्ताओं को खाद्य पदार्थों की शुद्धता की सही जानकारी उपलब्ध हो। जब तक ऐसा नहीं होता, मिलावटखोरी पर लगाम लगाना मुश्किल बना रहेगा।

खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच और कार्रवाई का हाल

	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
कुल जांचे गए नमूने	94,288	1,07,829	1,44,345	1,77,511	1,70,513	1,70,535	2,23,808
फेल/असुरक्षित नमूने	26,077	28,347	32,934	44,626	33,808	34,388	40,023
विफलता दर	27.7%	26.3%	22.8%	25.1%	19.8%	20.2%	17.9%

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की भारी कमी: राज्यस्तरीय खाद्य के अभाव में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों और खाद्यपुक्ति टेस्टिंग कि की भारी किल्लत है।

अलगोदेश बाजार का दबाव: भारत का लगभग 70-80 प्रतिशत दूध असंगठित क्षेत्र, अलगोदेश से आने और इस बिकने वाले खाद्यान का है, जिसकी जांचपड़ताल ठीक से नहीं हो पाती।

डालूरी पैदावियों और सिंथेटिक पैकरी का निर्माण: अधिकांश कारखानें को बीजाजारी कंपनी के बताया देकर विशेष पैकरी से निकाल दिया जाता है, जिसके मिलावटखोरों के बन में आसान का दोषर नहीं रहता।

दिल्ली जागरण

10.9% थी। कचरा जलाने का

नए प्रदूषक कण बनाती हैं।

अनुसार अतिरिक्त यातायात पुलिसकर्मी तैनात होंगे, ताकि

अलावा अन्य बसों के संचालन की अनुमति नहीं होगी।

आ गया सांसों के इम्तिहान का समय, अगले 15 दिन रहेंगे अहम

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : एनसीआर को जिन जहरीली हवाओं से बचाने के लिए सालभर से बैठकें और तैयारियां चल रही थीं, आखिरकार अब उसके इम्तिहान का समय आ गया है। मौसम के बदलते मिजाज के साथ ही एनसीआर में सांसों पर संकट बढ़ने लगा है। इसके 31 अक्टूबर के बाद और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। छह नवंबर तक इसके गंभीर श्रेणी में पहुंचने की आशंका है। इसे देखते हुए केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय व वायु गुणवत्ता आयोग ने दिल्ली सहित एनसीआर में आने वाले चारों राज्यों को अलर्ट किया है। एक्शन प्लान के मुताबिक कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

राजधानी के प्रदूषण में वाहनों की बड़ी हिस्सेदारी को देखते हुए एक नवंबर से ही दिल्ली आने वाले बीएस-6 से नीचे के पेट्रोल व डीजल से चलने वाले कमर्शियल व निजी वाहनों का संचालन प्रतिबंधित कर दिया गया है। माना जा रहा है कि इससे वायु प्रदूषण में कमी दिखेगी। पराली जलने से रोकने के लिए पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व राज्यों की तीन सौ से अधिक टीमें तैनात की गई हैं। ये टीमें कंट्रोल रूम की निगरानी में 24 घंटे काम करेंगी। प्रदूषण बढ़ने वाले क्षेत्रों में यानी हाट स्पाट पर 24 घंटे निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।

वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने भी निगरानी बढ़ा दी है। मंत्रालय के सचिव ने खुद राज्यों के साथ बैठकें शुरू कर दी हैं। वायु गुणवत्ता आयोग एक्शन प्लान पर अमल की जांच कर रहा है। इसके साथ ही एनसीआर में पुराने मकानों के तोड़ने व निर्माण आदि पर रोक लगा दी गई है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली सहित एनसीआर से जुड़े सभी राज्यों में सर्दियों के लिए अपना एक्शन प्लान तैयार किया गया है, जो एक नवंबर से प्रभावी होगा। इसमें सड़कों पर पानी का छिड़काव, मशीनों से उसकी सफाई, शत-प्रतिशत कचरे को उठाने, कोयला तंदूर व डीजल जनरेटर आदि की रोकथाम के लिए सभी राज्यों ने अपने नियम बनाए हैं।



यह भी की गई है पहल

नो पीयूसी, नो फ्यूल नीति

- बगैर प्रदूषण प्रमाणपत्र वाले वाहनों को पेट्रोल पंपों पर ईंधन नहीं दिया जा रहा है। इसे लेकर दिल्ली के करीब पांच सौ पेट्रोल पंपों पर आटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे लगाए गए हैं।
- एक नवंबर से पार्किंग शुल्क दोगुना किया गया है, ताकि निजी वाहनों के उपयोग को कम किया जा सके।
- सरकारी व निजी कार्यालयों में काम करने वाले 50 % कर्मचारियों को वर्क फ्राम होम देने की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है।

...भी यहां ...ामपंथी छात्र संगठनों से जुड़े ... विरोध में नारे लिखने से एबीवीपी ने ... की कोशिश की जा रही है।

बीसीजी टीका किडनी रोग में भी असरदार

- आईसीएमआर जर्नल में प्रकाशित शोध में दावा
- इसके असर पर गहन अध्ययन की सिफारिश

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। एलोपैथी में ऐसी कई दवाएं हैं, जो एक बीमारी का उपचार करने के साथ किसी दूसरी बीमारी में भी लाभ पहुंचाती हैं। शोध में पता चला है कि बच्चों को लगने वाला बीसीजी का टीका क्रोनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) में भी असरदार है।

इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में प्रकाशित एक शोध पत्र में यह दावा किया गया है। शोध में सिफारिश की गई कि इस टीके का लाभ बड़े स्तर पर सीकेडी मरीजों तक पहुंचाने के लिए विस्तृत अध्ययन किया जाना चाहिए।

भारत में 13 करोड़ से ज्यादा सीकेडी रोगी होने का अनुमान है। आमतौर पर शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होने से गुर्दे में यूरिया एवं अन्य दूषित पदार्थ जमा होने लगते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि प्रतिरक्षा से जुड़ी कोशिकाएं जैसे मोनोसाइट्स और मैक्रोफेज ठीक से काम नहीं करती हैं। शोध में पाया गया कि बीसीजी टीके से मिलने वाली प्रतिरक्षा इन कोशिकाओं में ऐपिजेनेटिक बदलाव करने में सक्षम हैं, जिससे वह ठीक से कार्य करने लगती हैं। बीसीजी टीका बच्चों को तपेदिक मेनिनजाइटिस आदि बीमारियों से बचाने के लिए दिया जाता है।

प्याज चार महीने में 85% महंगी हुई

नई दिल्ली, वि. सं.। लगातार बढ़ रही खाद्य वस्तुओं की कीमतों से लोगों की जेब पर बोझ बढ़ रहा है। कुछ खाद्य वस्तुओं के दाम तो लगातार बढ़ रहे हैं।

बीते चार महीने में प्याज की कीमतों में 85% से अधिक का उछाल आया है। वहीं, चीनी के दाम 34% तक बढ़े हैं। आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, जून से सितंबर के बीच प्याज के दाम में 85% की वृद्धि हुई है। > P13

नशे के नेटवर्क पर केंद्र का करारा वार

असम, मिजोरम और मणिपुर में एक साथ कार्रवाई

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए केंद्रीय एजेंसियों ने पूर्वोत्तर के तीन राज्यों असम, मिजोरम और मणिपुर में एक साथ 38 ठिकानों पर छापेमारी की। अभियान के दौरान जांच एजेंसियों ने 1,424 बैंक खाते फ्रीज किए और 17.82 करोड़ की संपत्ति जब्त की।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के नेतृत्व में 23 अक्तूबर को चलाए गए 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' में केंद्रीय एजेंसियों और राज्य पुलिस की 38 टीमों ने हिस्सा लिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई को नशीले पदार्थों के खिलाफ सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का हिस्सा बताते हुए कहा कि एजेंसियों ने असम, मिजोरम और मणिपुर में एक साथ कार्रवाई कर एक अंतरराष्ट्रीय नार्को-कार्टेल को ध्वस्त किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया कि नशीले पदार्थों के तस्कर गिरोहों का पूरी तरह खात्मा होने तक उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

म्यांमार के मरगना का नेटवर्क : एनसीबी, मिजोरम पुलिस और अन्य एजेंसियों की संयुक्त जांच में म्यांमार स्थित कथित मरगना थांगसंतु ओंग उर्फ संतु ओंग उर्फ लालू ओंगा के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय तस्करी गिरोह का पर्दाफाश हुआ। एजेंसियों के अनुसार, यह एनसीबी, चम्फाई पुलिस, मिजोरम आबकारी विभाग की दर्ज 10 से अधिक मामलों में वांछित था। विभिन्न राज्यों में गिरफ्तारी और संयुक्त जानकारी जुटाने के बाद इसे दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। जांच के पिछले चरणों में भी गिरोह के कई अन्य कथित प्रमुख सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इनमें लुंगखान्थांगा शामिल है, जिस पर म्यांमार से आने वाली मादक पदार्थों की खेप की आवाजाही और आपूर्ति का समन्वय करने का आरोप है। उसे गिरफ्तार करने के बाद पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया।



18 आरोपी ऑपरेशन ट्राइडेंट के तहत गिरफ्तार किए गए

100 करोड़ के हवाला लेनदेन का खुलासा

12 लाख रुपये बरामद किए एजेंसियों ने

- **1,424** बैंक खाते फ्रीज
- **17.82** करोड़ की संपत्ति जब्त की गई
- **500** डेटोनेटर की भी तस्करों से बरामद किए

'डेथ ट्रायंगल कॉरिडोर' से तस्करी का आरोप

यह गिरोह भारत, बांग्लादेश, म्यांमार से जुड़े मार्गों का इस्तेमाल कर तस्करी करता था। गिरोह का संचालन म्यांमार से मिजोरम, मणिपुर, असम और त्रिपुरा तक फैले गलियारे के जरिए किया जाता था। इस तस्करी मार्ग को 'डेथ ट्रायंगल कॉरिडोर' के रूप में भी संदर्भित किया गया है।

नेटवर्क, वित्तीय स्रोतों को समाप्त करना उद्देश्य

सरकार के 'नारकोटिक्स कंट्रोल विजन डॉक्यूमेंट' के अनुरूप रणनीति केवल नशीले पदार्थों की खेप जब्त करने तक सीमित नहीं बल्कि तस्करी के नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स और वित्तीय स्रोतों को खत्म करने पर केंद्रित है। सरकार ने 31 दिसंबर 2029 तक इस तस्करी नेटवर्क को जड़ से खत्म करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

सीमावर्ती गलियारों में एकसाथ कार्रवाई

आइजोल, चम्फाई, भारत-म्यांमार सीमा के निकट स्थित रणनीतिक व्यापारिक केंद्रों जोखावर में एक साथ कार्रवाई की गई। मणिपुर के मूरेहचांदपुर और असम के कछार क्षेत्र के ट्रांजिट कॉरिडोर से जुड़े ठिकानों पर भी तलाशी ली गई।

1086 सरकारी स्कूलों में बनेंगे मेडिकल रूम

एक ट्रेंड हेल्थ वर्कर की भी रहेगी तैनाती

AI Image



NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली सरकार राजधानी के सभी 1086 सरकारी स्कूलों में फर्स्ट एड मेडिकल सुविधा शुरू करेगी। हर स्कूल में एक ट्रेंड हेल्थ वर्कर तैनात किया जाएगा, जो स्कूल टाइम पर स्टूडेंट्स को चोट लगने, तबीयत खराब होने, चक्कर आने और दूसरी छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्याओं में तुरंत मदद देगा। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि इस योजना का मकसद स्कूलों में स्टूडेंट्स को सुरक्षित माहौल देना और जरूरत पड़ने पर उन्हें फौरन प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराना है।

स्कूल में ही मिलेगी फर्स्ट एड की सुविधा, योजना पर सालाना 48.87 करोड़ रुपये खर्च होंगे

शिक्षा निदेशालय के तहत आने वाले सभी सरकारी स्कूलों में यह सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। सरकार के अनुसार, स्टूडेंट्स अपने दिन का बड़ा हिस्सा स्कूल में बिताते हैं। इस दौरान छोटी-मोटी चोट, अचानक बीमारी, थकान और चक्कर आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। फिलहाल कई स्कूलों में प्राथमिक उपचार के लिए अलग जगह या जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। इससे स्टूडेंट्स को समय पर मदद मिलने में देरी होती है। सरकार के अनुमान के मुताबिक, सभी 1086 स्कूलों में यह सुविधा उपलब्ध कराने पर सालाना 48.87 करोड़ रुपये खर्च होंगे। योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। पहले इन स्कूलों में मेडिकल रूम बनाए जाएंगे, जहां अलग कमरा उपलब्ध है। इसके बाद वैकल्पिक कमरों और पोर्टा केबिन के जरिए बाकी स्कूलों में सुविधा शुरू की जाएगी। सूद ने कहा कि सरकारी स्कूलों के हर बच्चे को सुरक्षित और देखभाल वाला माहौल मिलना चाहिए। स्कूल में किसी छात्र की तबीयत खराब होने या चोट लगने पर पैरेंट्स और टीचर्स को भरोसा होना चाहिए कि उसे कैंपस में ही फौरन प्राथमिक उपचार और जरूरी देखभाल मिल सकेगी।

मेडिकल रूम में रेस्ट कर सकेंगे स्टूडेंट्स

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप इस योजना का मकसद स्कूलों को सुरक्षित, समावेशी और स्टूडेंट्स के लिए मददगार बनाना है। मेडिकल रूम में घाव पर पट्टी करने, ORS देने और आराम करने की सुविधा मिलेगी। ये सुविधाएं ट्रेंड हेल्थ वर्कर की देखरेख में दी जाएंगी। स्कूलों में जांच की सुविधा या डॉक्टर के पर्चे वाली दवाएं नहीं दी जाएंगी।

एएनएम को भी लगाया जाएगा

हर स्कूल में ANM या मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर जैसे ट्रेंड कर्मचारी को लगाया जाएगा। ये कर्मचारी स्टूडेंट्स की तत्काल स्वास्थ्य जरूरतों के साथ किशोरावस्था से जुड़ी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों में भी मदद करेंगे। छात्राओं के लिए पीरियड्स के दौरान आराम करने और जरूरी देखभाल के लिए सुरक्षित और निजी जगह उपलब्ध कराई जाएगी।